**PRESS RELEASE**

For Immediate Use

# POWERGRID Acquires Two SPVs for Renewable Energy Transmission Projects

**Gurgaon, 04th August 2026:** Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID), a Maharatna CPSE under the Ministry of Power, Government of India, has recently acquired two Project Special Purpose Vehicles (SPVs) to execute Inter-State Transmission Projects for renewable energy under the Tariff-Based Competitive Bidding (TBCB) mechanism.

The SPV Bhadla Ramgarh Power Transmission Limited was acquired on 29th July 2026 from the Bid Process Coordinator (BPC) REC Power Development & Consultancy Limited, while the SPV Krishnagiri REZ Transmission Limited was acquired on 03rd August 2026 from the BPC PFC Consulting Limited.

Bhadla Ramgarh Power Transmission Limited will implement the transmission system associated with the Inter-State Transmission Project *Augmentation at Bhadla-III, Ramgarh PS and Kanpur (PG)*. This system comprises augmentation and bay extension works at existing substations—Bhadla-III (Rajasthan), Ramgarh (Rajasthan) and Kanpur (Uttar Pradesh). The project is scheduled for commissioning by 20th January 2029 and will enable integration and reliable evacuation of green power from Bhadla-III and Ramgarh pooling stations.

Krishnagiri REZ Transmission Limited will implement the transmission system linked to the Inter-State Transmission Project *Transmission System for Integration of Krishnagiri REZ Phase-I*. This project involves establishing two new substations in Andhra Pradesh and constructing 765 kV and 400 kV transmission lines traversing through Andhra Pradesh, Telangana and Karnataka. The system is to be commissioned within 36 months and will facilitate integration and evacuation of about 4.5 GW of renewable energy potential from the Kurnool area.

POWERGRID, through its various Project SPVs acquired under the tariff-based bidding route, is implementing several transmission projects on a Build, Own, Operate and Transfer (BOOT) basis. These projects will strengthen India's transmission infrastructure for the evacuation of green energy to the National Grid, thereby reducing dependence on fossil fuels and supporting the Government of India's vision of achieving 500 GW of renewable energy capacity by 2030.

As of 30th June 2026, POWERGRID has commissioned and is operating 291 Sub-Stations and more than 1,86,595 ckm transmission lines and 6,34,516 MVA of transformation capacity. With the adoption of the latest technological tools and techniques, enhanced use of automation and digital solutions, POWERGRID has been able to maintain an average transmission system availability of more than 99.80%.

***Issued by:***

*Team Corporate Communications*
*Follow us on X: @pgcilindia*
*www.powergrid.in*
*e-mail: powergrid.pr@powergrid.in*

**प्रेस विज्ञप्ति**
**तत्काल उपयोग के लिए**

# नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण परियोजना हेतु पावरग्रिड ने किया दो एसपीवी का अधिग्रहण

**गुरुग्राम, 04 अगस्त 2026:** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई)) ने हाल ही में टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु दो प्रोजेक्ट एसपीवी का अधिग्रहण किया है।

इनमें भादला रामगढ़ पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण दिनांक 29 जुलाई 2026 को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी) से तथा कृष्णागिरी आरईजेड ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण दिनांक 03 अगस्त 2026 को बोली प्रक्रिया समन्वयक (BPC) पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसी) से किया गया।

भादला रामगढ़ पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा "भादला-III, रामगढ़ पीएस एवं कानपुर (पीजी) में अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना संवर्द्धन" से संबंधित पारेषण प्रणाली का कार्यान्वयन किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत राजस्थान के भादला-III एवं रामगढ़ तथा उत्तर प्रदेश के कानपुर के मौजूदा उपकेंद्रों में संवर्द्धन एवं बे-एक्सटेंशन कार्य किए जाएंगे। इस परियोजना को 20 जनवरी 2029 तक कमीशन करने का लक्ष्य है। यह परियोजना भादला-III एवं रामगढ़ पूलिंग स्टेशनों से हरित ऊर्जा की निकासी तथा एकीकरण  को और समर्थ बनाएगा।

कृष्णागिरी आरईजेड ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा " कृष्णागिरी आरईजेड चरण-I के एकीकरण हेतु अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली" का कार्यान्वयन किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में दो नए उपकेंद्रों की स्थापना तथा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं कर्नाटक राज्यों से होकर गुजरने वाली 765 केवी एवं 400 केवी पारेषण लाइनों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रणाली को 36 माह के भीतर कमीशन करने का लक्ष्य है। यह परियोजना कर्नूल क्षेत्र से लगभग 4.5 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की निकासी एवं एकीकरण को सुगम बनाएगी।

पावरग्रिड, टैरिफ आधारित बोली प्रक्रिया के अंतर्गत हासिल अपनी विभिन्न प्रोजेक्ट एसपीवी के माध्यम से निर्माण, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर विभिन्न ट्रांसमिशन परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है। ये परियोजनाएं हरित ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड तक पहुंचाने के लिए भारतीय ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाएंगी, जिससे वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने के भारत सरकार की दृष्टि के अनुरूप, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके।

30 जून 2026 तक पावरग्रिड 291 उपकेंद्रों 1,86,595 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनों तथा 6,34,516 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता का संचालन कर रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों एवं तकनीकों को अपनाने तथा स्वचालन और डिजिटल समाधानों के प्रभावी उपयोग से पावरग्रिड 99.80 प्रतिशत से अधिक की औसत ट्रांसमिशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सफल रहा है।

**जारीकर्ता**
**टीम कॉर्पोरेट संचार**
**हमें एक्स पर फॉलो करें: @pgcilindia**
**www.powergrid.in**
**ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in**